**ई मेल से**

भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
खान नियंत्रक (उत्तर ) कार्यालय

Government of India
Ministry of Mines
Indian Bureau of Mines
Office of Controller of Mines
(North Zone)

142-सी, सेक्टर- 11, हिरण मगरी, उदयपुर- 313001 (राजस्थान)

पत्रावली संख्या: E-11013/1/2023-NZ-IBM - NZ उदयपुर,दिनांक: यथा हस्ताक्षर

सेवा में : राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
नागपुर

महोदय,

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों एवं मुख्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में उदयपुर आंचलिक कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, में 14 सितम्बर, 2026 से 29 सितम्बर, 2026 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। आयोजित हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, व्याख्यान एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। प्रतिदिन आयोजित कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार है:

पखवाड़े का शुभारंभ माननीय श्री. अमित शाह, गृह मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 सितम्बर, 2026 को वाशी, नवी मुंबई महाराष्ट्र में किया गया। दिनांक 14 एवं 15 सितम्बर, 2026 को मुख्यालय के पत्रानुसार वाशी, नवी मुंबई महाराष्ट्र में आयोजित सम्मिलित आयोजन में ऑन लाइन माध्यम से भाग लिया गया।

**1) दिनांक 16 सितंबर 2026-** हिन्दी पखवाडा का शुभारंभ कार्यालय मे श्री. अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तर जोन) की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर श्री. अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तर जोन) द्वारा उद्बोधन में बताया गया कि राजभाषा संबंधी संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति हेतु इस प्रकार के प्रयत्न अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं, जो विभागीय कार्मिकों को भाषा के प्रति संवेदनशीलता, सक्रियता एवं उत्तरदायित्व का बोध कराते हैं। उन्होने यह भी बताया कि खान नियंत्रक (उत्तर जोन) कार्यालय में अधिकांश कार्य हिन्दी में सम्पादित किये जाते है, यहा प्रशासनिक कार्यो के अतिरिक्त यथा संभव तकनीकी कार्य भी हिन्दी में सम्पादित किए जाते हैं। अभीतक सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हिंदी में किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए, सभी को हिंदी में इसी तरह काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर माननीय श्री. अमित शाह, गृहमंत्री भारत सरकार के द्वारा भेजे गए संदेश का वाचन श्री दीपक शर्मा, सहायक द्वारा किया गया। श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा हिन्दी पखवाडे में आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओ के बारे में बताया तथा कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियो को भाग लेने का अनुरोध किया गया।

इसके पश्चात श्री सुरेन्द्र कुमार कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा आधुनिक तकनीक और हिन्दी: कंप्यूटर एवं मोबाईल पर हिन्दी के प्रयोग विषय पर जानकारी प्रदान की गई

श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

| | |
|---|---|
|  |  |
| खान नियंत्रक (उत्तर जोन) द्वारा दीप प्रज्वलन | माननीय श्री. अमित शाह, गृहमंत्री भारत सरकार के द्वारा भेजे गए संदेश का वाचन करते हुए श्री दीपक शर्मा, सहायक |

**2) दिनांक 17 सितंबर 2026**- नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी के सानिध्य में किया गया।

| | |
|---|---|
|  |  |
| नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन | |

**3) दिनांक 18 सितंबर 2026-** राजभाषा नीति संबंधित अधिनियम एवं अनुदेशों के संबंध श्री दिलीप पँवार, निजी सचिव द्वारा जानकारी प्रदान की गई।





राजभाषा नीति संबंधित अधिनियम एवं अनुदेशों के संबंध जानकारी प्रदान करते हुए

**4) दिनांक 19 एवं 20 सितंबर 2026-** अवकाश


**5) दिनांक 21 सितंबर 2026-** हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका संचालन श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किया गया।






हिन्दी काव्य पाठ करते हुए प्रतियोगी

**6) दिनांक 22 सितंबर 2026-** हिन्दी प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका संचालन श्री. अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा किया गया।







हिन्दी प्रश्न प्रतियोगिता

**7) दिनांक 23 सितंबर 2026-** सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन श्री बाबूलाल गुर्जर, अवर श्रेणी लिपिक द्वारा किया गया।





सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

**8) दिनांक 24 सितंबर 2026-** स्मृति आधारित स्वदेशी अनुवाद सॉफ्टवेयर 'कंठस्थ 2.0' के प्रयोग के संबंध में जानकारी श्री मनीष गुप्ता, सहायक खान नियंत्रक द्वारा प्रदान की गई।

**9) दिनांक 25 सितंबर 2026-** निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका संचालन श्री दीपक शर्मा, सहायक द्वारा किया गया।





निबंध लेखन प्रतियोगिता

**10) दिनांक 26 एवं 27 सितंबर 2026-** अवकाश

**11) दिनांक 28 सितंबर 2026-** पहचान कौन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका संचालन श्री. अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा किया गया।




पहचान कौन प्रतियोगिता

**12) दिनांक 29 सितंबर 2026-** हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजन किया गया। समारोह के दौरान श्री अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तर जोन) द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यालय में किए जाने वाले दैनिक कार्य हिंदी में करने पर सभी को धन्यवाद प्रदान किया एवं पखवाड़े के दौरान विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए । अन्त में श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

| | |
|---|---|
|  पखवाड़े के समापन के दौरान अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए श्री अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक(उत्तर जोन) |  पखवाड़े के समापन के दौरान उद्बोधन देते हुए श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी |

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओंको पुरस्कार वितरण

| प्रतियोगिता | प्रतियोगी का नाम एवं पदनाम | स्थान | पुरस्कार वितरण के छाया चित्र |
|---|---|---|---|
| नारा लेखन प्रतियोगिता | श्री मनीष गुप्ता, सहायक खान नियंत्रक | प्रथम पुरस्कार |  |
| | श्री प्रणय रेड्डी राजुला, सहायक खनन अभियंता | द्वितीय पुरस्कार |  |
| | श्री सुरेन्द्र कुमार कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी | तृतीय पुरस्कार |  |
| हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता | श्री मोनू कुमार, एम. टी. एस | प्रथम पुरस्कार |  |
| | श्री विष्णु सैन, एम.टी.एस. | द्वितीय पुरस्कार |  |
| | श्री बाबूलाल गुर्जर, अवर श्रेणी लिपिक | तृतीय पुरस्कार |  |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुलेख प्रतियोगिता | श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक | प्रथम पुरस्कार |  |
| | श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी | द्वितीय पुरस्कार |  |
| | श्री मोनू कुमार, एम. टी. एस | तृतीय पुरस्कार |  |
| हिन्दी प्रश्न मंच प्रतियोगिता | श्री सुरेन्द्र कुमार कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, एवं श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी | प्रथम पुरस्कार |  |
| | श्री बाबूलाल गुर्जर, अवर श्रेणी लिपिक, एवं श्री दीपक शर्मा, सहायक | द्वितीय पुरस्कार |  |
| | श्री मनीष गुप्ता, सहायक खान नियंत्रक | तृतीय पुरस्कार |  |
| निबंध लेखन प्रतियोगिता | श्री दिलीप पँवार, निजी सचिव | प्रथम पुरस्कार |  |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | श्री सुरेन्द्र कुमार कुमावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं श्री विष्णु सैन, एम.टी.एस. | द्वितीय पुरस्कार |  |
| | श्री प्रणय रेड्डी राजुला, सहायक खनन अभियंता | तृतीय पुरस्कार |  |
| पहचान कौन प्रतियोगिता | श्री दीपक शर्मा, सहायक | प्रथम पुरस्कार |  |
| | श्री बाबूलाल गुर्जर, अवर श्रेणी लिपिक | द्वितीय पुरस्कार |  |
| | श्री तिरुपति बुक्या, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी | तृतीय पुरस्कार |  |

भवदीय

(अभय अग्रवाल)
खान नियंत्रक (उत्तर)
भारतीय खान ब्यूरो

प्रतिलिपि-

1. मुख्य खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

Digitally signed by Abhay Agrawal
Date: 14-10-2026 10:47:47

खान नियंत्रक (उत्तर)
भारतीय खान ब्यूरो